RAF SECTOR

NEWS CLIP

07/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran Prayagraj (UP)

मकान के बाहर जांच करते आइजी केपी सिंह (जेब में हाथ डाले हुए) व अन्य पुलिस अधिकारी • जागरण

Hindustan Prayagraj (UP)



सोरांव के यूसुफपुर में विजय शंकर तिवारी व परिवार के चार और लोगों की हत्या की सूचना पर पहुंचे आईजी केपी सिंह ने गांव के लोगों से बात की। • हिन्दुस्तान

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

रैफ 106 में प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ

वरीय संवाददाता ▷ जमशेदपुर

सुंदरनगर स्थित रैफ 106 में पांच बटालियन का परिवर्तन प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को किया गया. यह प्रशिक्षण कैंप का समापन 30 जनवरी को विधिवत किया जायेगा. इस परिवर्तन प्रशिक्षण में 91 बटालियन लखनऊ, 101 बटालियन प्रयागराज, 107 बटालियन भोपाल, 114 बटालियन प्रयागराज और 106 बटालियन के कुल 211 जवान शामिल हुए. इस मौके पर रैफ 106 के सीओ पीके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार सिंह, उपकमांडेंट अनामी शरण व सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे.

इस प्रशिक्षण कैंप में रैफ से आये जवानों को रैफ में ड्यूटी के अनुरूप प्रशिक्षित किया जायेगा, जिससे कि वह आगे से चुनौती का सामना कर सकें. इसमें दंगा से निपटने, दंगा नियंत्रण, दंगा निरोधक हथियार सहित विशेष वाहनों के उपयोग के बारे में जानकारी दी जायेगी. साथ ही प्राथमिक उपचार के बारे में भी जानकारी दी जायेगी, ताकि सभी कार्मिक न्यूनतम बल के सिद्धांत पर किसी भी तरह के दंगा नियंत्रण के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो.

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

शिविर • देश की पांच बटालियन के 211 जवान हैं शामिल, 30 जनवरी तक दी जाएगी ट्रेनिंग

रैफ के जवानों को कम से कम बल प्रयोग कर दंगा से निपटने का दिया जा रहा प्रशिक्षण

जवानों को विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे प्राथमिक उपचार करने का प्रशिक्षण

वज्र, वरुण वाहन, फायर टेंडर, अश्रुगैस, हथियारों की मिलेगी जानकारी

सुंदरनगर स्थित रैफ की 106वीं बटालियन के परिसर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में पदाधिकारी और जवान।

सिटी रिपोर्टर|जमशेदपुर

जमशेदपुर के सुंदरनगर स्थित रैफ 106वीं बटालियन के परिसर में सीआरपीएफ के 211 जवानों के लिए 'परिवर्तन' प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण का उद्घाटन 3 जनवरी को किया गया। इसका समापन 30 जनवरी को होगा। प्रशिक्षण में जवानों को रैफ की ड्यूटी के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा।

इससे वे नई चुनौतियों का सामना कर सकेंगे। जवानों को दंगों से निपटने के लिए दंगा नियंत्रण ड्रिल और रैफ के विभिन्न प्रकार के दंगा निरोधक हथियार, न्यूनतम बल प्रयोग सिद्धांत, धैर्य, मानवाधिकार विधि और विशेष वाहन जैसे वज्र, वरुण वाहन (वाटर कैनन), फायर टेंडर, विशेष इक्विपमेंट और विभिन्न प्रकार के अश्रुगैस, हथगोलों और हथियार की जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी जाएगी।

इस प्रशिक्षण के बाद सभी जवान न्यूनतम बल प्रयोग के सिद्धांत के साथ किसी भी तरह के दंगा नियंत्रण के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे। प्रशिक्षण जमशेदपुर रैफ 106वीं बटालियन के कमांडेंट पीके सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के मार्गदर्शन में दिया जा रहा है। शिविर का पर्यवेक्षण रैफ 106वीं बटालियन के उप कमांडेंट अनामी शरण और सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह कर रहे हैं। प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश लखनऊ की 91वीं बटालियन, प्रयागराज की 101वीं बटालियन, जमशेदपुर की 106वीं बटालियन, मध्य प्रदेश भोपाल की 107वीं बटालियन, पंजाब जालंधर की 114वीं बटालियन के जवान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह जानकारी 106वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार ने दी है।

Hindustan Prayagraj (UP)

जेएनयू की घटना को लेकर इविवि का माहौल गरमाने पर छात्रसंघ भवन के सामने तैनात रहे अर्द्धसैनिक बलों के जवान। • हिन्दुस्

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।